बीएसएनएल आयोजित करेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

चेन्नई @ पत्रिका . भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के तमिलनाडु सर्किल द्वारा एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत चार प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें कोई भी बाहरी युवा हिस्सा ले सकेगा। इनमें पहला बीएसएनएल सर्टिफाइड नेटवर्क इंजीनियर, दूसरा एफटीटीएच, तीसरा बीटीएस मेंटीनेंस एवं चौथा सेलफोन सर्विसिंग आदि। यह प्रशिक्षण चेन्नई, मदुरै, तिरुचि, सेलम, कोयम्बत्तूर, कडलूर, तिरुनेलवेली एवं तिरुवण्णामलै आदि शहरों में दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रायोजन तमिलनाडु स्किल डवलपमेंट कॉर्पोरेशन (टीएनएसडीसी) द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षण लेने के इच्छुक युवा वेबसाइट आरजीएमटीटीसी डॉट बीएसएनएल डॉट को डॉट इन/जॉबपोर्टल पर पंजीकरण करवा सकते हैं।

चेन्नई

स्पेस के फ्लैगशिप कार्यक्रम प्रोजेक्ट परिधि का आयोजन

कार्यक्रम के दौरान शामिल स्कूली बच्चे।

चेन्नई @ पत्रिका

patrika.com

विज्ञान और खगोल विज्ञान में विकास में कार्यरत तकनीक शैक्षणिक संस्था स्पेस द्वारा समाज में वैज्ञानिक जागरूकता और तकनीकी व सामाजिक विकास के लिए फ्लैगशिप परियोजना प्रोजेक्ट परिधि की शुरुआत की गई। परियोजना के अंतर्गत संस्था द्वारा विभिन्न स्कूलों में खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में जानकारी के लिए एस्ट्रोनॉमी क्लब बनाए गए हैं। सोमवार को प्रोजेक्ट के अंतर्गत पेरम्बूर स्थित केआरएम पब्लिक स्कूल और पदुर स्तिथ गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में स्थापित क्लब में संस्था के अधिकारियों ने अंतरिक्ष और खगोल विज्ञान से जुड़ी जानकारियों विद्यार्थियों को बताई। इस दौरान केआरएम नॉर्थ चेन्नई, चेन्नई गवर्नमेंट हाई स्कूल, पेरम्बलूर, श्रीनिकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स तिरुवल्लूर, डॉन बॉस्को पेरम्बूर आदि स्कूलों के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कुल 130 से अधिक बच्चों इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बने। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यार्थियों के परिजनों ने भी हिस्सा लिया। संस्था के जोनल मैनेजर एस. वेंकटेश नारायण ने कहा स्कूलों में लगातार इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित होते रहेंगे।

सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

चेन्नई @ पत्रिका

patrika.com

शिक्षा एवं चिकित्सा जैसे विषयों को राजपुरोहित फाउण्डेशन में विशेष स्थान दिया जाएगा। फाउण्डेशन के 27 मार्च को चेन्नई के अम्मन कोइल स्ट्रीट स्थित खेतेश्वर भवन में होने वाले सम्मेलन की तैयारियों को लेकर यहां साहुकारपेट में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कुछ ऐसी ही राय रखी। सम्मेलन में देशभर से समाज के प्रतिनिधि शामिल होंगे तथा शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में काम करने को लेकर सम्मेलन में चर्चा की जाएगी।

इसके साथ ही फाउण्डेशन के विधिवत गठन एवं विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी चर्चा होगी। सम्मेलन में फाउण्डेशन की भविष्य की योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा तथा फाउण्डेशन के संविधान एवं नियमों पर स्वीकृति एवं अनुमोदन किया जाएगा। सम्मेलन को सफल बनाने एवं तैयारियों को लेकर फाउण्डेशन के कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में वक्ताओं ने अपने सुझाव रखे।